(ख) इसे कब तक पूरा कर दिये जाने की संभावना है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) और (ख) आज तक इस कार्य में हुई प्रगति 13 प्रतिशत है। यह परियोजना उत्तर प्रदेश और बिहार की सरकारों तथा जलसंसाधन और रेल मंत्रालयों द्वारा लागत में भागीदारी के आधार पर स्वीकृत की गई थी। रेल मंत्रालय ने अपने हिस्से की पूर्ण राशि दे दी है। सह-भागीदारों विशेषकर उत्तर प्रदेश सरकार अपने हिस्से की राशि जमा नहीं कर रही है और बिहार सरकार तथा जल संसाधन मंत्रालय ने भी 1991-92 तक देय आनुपातिक हिस्से की केवल आंशिक राशि का ही भुगतान किया है। कार्य को तभी आगे बढ़ाया जा सकता है जब भुगतान-समझौते के अनुसार सभी सह-भागीदार अपने-अपने हिस्से की राशि जमा करा दें ताकि इस कार्य की प्रगति के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हो सकें।

इलाहाबाद से वाराणसी तक मीटर लाइन को बड़ी लाइन में बदला जाना

3201. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पूर्वोत्तर रेलवे पर इलाहाबाद से वाराणसी तक मीटर लाइन को बड़ी लाइन में बदलने सम्बन्धी जो प्रस्ताव योजना आयोग के पास भेजा गया है उसकी स्थिति क्या है ; और

(ख) इस प्रस्ताव का ब्यौरा क्या है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री श्री मल्लिकार्जुन) : (क) और (ख) इलाहाबाद-वाराणसी (123 कि०मी०) मीटर लाइन के आमान परिवर्तन कार्य को 71.10 करोड़ रुपये की लागत पर 1992-93 के बजट प्रस्तावों में शामिल कर लिया गया है।

Railway Enquiry at Guntur

3202. DR. YELAMANCHILI SIVAJI: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state,

(a) the number of telephones working for Railway Enquiry at Guntur;

(b) the number of personnel attending to answer the phones; and

(c) what steps have been taken to fill the gap?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MALLIKARJUN): (a) to (c) At present, telephone No. 21444 with two lines and hunting facility has been provided in the Railway Enquiry at Guntur station. The same is manned by one staff in each shift. This arrangement is considered adequate to deal with the number of calls received at present.

Light Railway Running from Arrah to Sasaram

3203. SHRI RAM AWADHESH SINGH: Will the Minister of RAIL WAYS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the then Railway Minister made an announcement in 1977 on the floor of the House to replace light railway running from Arrah to Sasaram by broad gauge line; and

(b) if so, the action Government propose to take to fulfil the assurance in the Eighth Five Year Plan?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MALLIKARJUN): (a) and (b) On the basis of the records available, no such announcement appears to have been made by the then Minister for Railways. As the Ara-Sasa-ram line was running at heavy losses,